श्री श्री कृष्ण बलराम के जयकारे के साथ हुआ नूतन वर्ष का 'शुभारम्भ'

जयपुर (का.सं.)। नए साल का सूरज अपने साथ नई उम्मीदें नई आशाएं लेकर आया है, हमारी संस्कृति मे हम हर नए काम की

शुरुआत भगवान के चरण कमलो के आशीर्वाद से करते है। हरे कृष्ण मूवमेंट के श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर मे भी नए वर्ष का स्वागत बहुत ही अदभुत तरीके से किया गया। नए साल का शुभारम्भ हुआ 'शुभारम्भ' से इस कार्यक्रम में जयपुर के लाखों लोगों ने शिरकत की और श्री श्री कृष्ण बलराम का आशीर्वाद लेकर अपने नए वर्ष की भक्तिमय शुरुआत की। 'शुभारम्भ' का आयोजन मंदिर के सुधर्मा हाल मे किया गया जिसमे कई तरह के भक्तिमय कार्यक्रमों की प्रस्तुति हुई , वैदिक मंत्रो के उच्चारण के साथ साथ मंत्र मुग्ध करने वाला कीर्तन हुआ जिसमे भक्तों ने आनंद के साथ नृत्य किया। सोलफुल कीर्तन में हर कोई भगवान कृष्ण का नाम लेकर झूम उठा। इस कार्यक्रम में भक्तों के मनोरंजन के लिए कत्थक नृत्य की बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति हुई जिसे देखकर हर कोई आश्चर्य चकित रह गया, भक्तिमय ड्रामा और स्किट का आयोजन भी किया गया। अर्धरात्रि को नए साल का आगाज कीर्तन और आरती से किया गया जिसमे बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। जयपुर के प्रसिद्ध आर जे ने भी शुभारम्भ में लोगों का मनोरंजन किया। नव वर्ष के अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तों ने 'शुभ संकल्प' लेने का संकल्प पत्र भी भरा नए वर्ष के पहले दिन श्री श्री कृष्ण बलराम मंदिर में सुबह से ही भक्तो का तांता लगा रहेगा।

सामाजिक लोकतंत्र के लिए अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे लाना होगा

लोकसभा अध्यक्ष 36 कौम को साथ ले राज्य में लिखेंगे विकास की नई इबारत : उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा

जयपुर (का.सं.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि सामाजिक लोकतंत्र के लिए समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को आगे लाना होगा। उन्होंने महर्षि बालीनाथ जी की प्रेरणा एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के सामाजिक समरसता के दर्शन को आत्मसात करने का आह्वान किया। लोकसभा अध्यक्ष बिरला रविवार को वेणी माधव सामुदायिक भवन में बैरवा महाकुंभ एवं महर्षि बालीनाथ जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि बैरवा समाज द्वारा बालिका छात्रावास की जो नींव रखी गई है उसके निर्माण में धन की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। छात्रावास की सुविधा मिलने से बैरवा समाज की बालिकाएं भी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा प्रदर्शन कर देश में अपनी सार्थक भूमिका निभा सकेंगी।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने कहा कि 36

कौम को साथ लेकर राज्य में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। समाज के उत्थान के लिए हर स्तर पर कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता और प्रेम से सामाजिक उत्थान और प्रगति को बल मिलता है। विशिष्ट अतिथि अटरू, बारां विधायक राधेश्याम बैरवा, केशोरायपाटन विधायक सीएल प्रेमी, पूर्व मंत्री बाबूलाल वर्मा एवं रामगोपाल वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। अतिथियों ने छात्रावास निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों का सम्मान किया, इनमें एडीएम सिटी बृजमोहन बैरवा एवं यूआईटी उप सचिव हर्षित वर्मा भी शामिल रहे। समाज की प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया।

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का कोटा प्रवास के दौरान विभिन्न संगठनों एवं गणमान्य जनों द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत भाषण में एडीएम सिटी बृजमोहन बैरवा ने समाज के सम्बलन के लिए आह्वान किया और बालिका शिक्षा के बढ़ावे के लिए सार्थक प्रयास करने की आवश्यकता बताई। जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। बैरवा विकास समिति के अध्यक्ष राजेश वर्मा एवं अन्य पदाधिकारी ने अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया। बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत भव्य शोभा यात्रा आज

जयपुर (कासं)। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तत्वावधान में श्री अयोध्या से आए पूजित पीले अक्षत (चावल) का हर घर वितरण कार्यक्रम के तहत भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। ज्योति शर्मा मानसरोवर सत्संग प्रमुख (विश्व हिन्दू परिषद), विनीता जोशी मानसरोवर प्रखंड मातृशक्ति संयोजिका (विश्व हिन्दू परिषद), विष्णु अग्रवाल, सुगन चन्द शर्मा, सुरेन्द्र गुप्ता (विश्व हिन्दू परिषद) ने बताया कि सोमवार को दोपहर 2 बजे सर्वेशवर महादेव मंदिर सेक्टर 51 मानसरोवर से भव्य शोभा यात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। जिसमें घर-घर पूजित पीले अक्षत (चावल) वितरित किए जाएंगे।

प्रेस क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी की मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात

जयपुर (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को रविवार, उनके आवास पर अध्यक्ष राधारमण शर्मा, महासचिव रामेन्द्र सोलंकी

सहित प्रबन्ध कार्यकारिणी ने पिंकसिटी प्रेस क्लब की मानद सदस्यता प्रदान की। इस अवसर पर अध्यक्ष राधारमण एवं महासचिव सोलंकी ने बताया कि प्रदेश का मुख्यमंत्री पिंकसिटी प्रेस क्लब का मानद सदस्य होता है।

उसी क्रम में रविवार को उनके आवास पर पहुंच कर मानद सदस्यता का प्रमाण-पत्र सौंपा। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं महासचिव के अलावा कोषाध्यक्ष राहुल गौतम उपाध्यक्ष विजेन्द्र जायसवाल, कार्यकारिणी सदस्य डॉ. मोनिका शर्मा, दिनेश कुमार सैनी, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, विकास आर्य, उमंग माथुर, ओमवीर भार्गव दिनेश कुमार शर्मा उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री से हुई शिष्टाचार भेंट के तहत अध्यक्ष राधारमण व महासचिव सोलंकी सहित प्रबन्ध कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने उनको प्रेस क्लब आने का न्यौता दिया। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जल्द ही प्रेस क्लब आकर मीडिया से रूबरू होंगे।

राजभवन में सुन्दरकाण्ड की संगीतमय प्रस्तुति हुई, राज्यपाल मिश्र ने सुन्दरकाण्ड का पारायण कर सबके मंगल की कामना की

जयपुर (का.सं.)। राजभवन में रविवार को सुन्दरकाण्ड की संगीतमय प्रस्तुति हुई। राजभवन के दरबार हॉल में हुए इस संगीतमय अनुष्ठान में राज्यपाल कलराज मिश्र, राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र और दूसरे परिजनों के साथ ही राजभवन के अधिकारी-कर्मचारियो ने सुन्दरकाण्ड का भाव प्रवण पारायण किया। सुन्दरकाण्ड की संगीतमय प्रस्तुति में भक्त हनुमान के लंका प्रस्थान, विभीषण और सीता से भेंट, सीता को श्री राम की मुद्रिका देने लंका दहन और लंका से वापसी के श्लोक, दोहों और चौपाइयों का मधुर गान हुआ। राज्यपाल कलराज मिश्र ने सुन्दरकाण्ड को अपूर्व बताया। उन्होंने सुन्दरकाण्ड के पारायण बाद परिजनों सहित राम भक्त हनुमान की विधिवत पूजन और आरती करते हुए सभी के मंगल की कामना की।

नव वर्ष पर राज्यपाल की बधाई और शुभकामनाएं

जयपुर (का.सं.)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने नव वर्ष 2024 के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल मिश्र ने इस अवसर पर जारी अपने संदेश में कहा है कि नव वर्ष सभी के जीवन में सुख समृद्धि और खुशहाली लिए हो। उन्होंने नये साल में हर पल, हर दिन कुछ नया करते हुए राष्ट्र और समाज के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने का आह्वान किया है।

विधानसभा अध्यक्ष ने संवेदना व्यक्त की

जयपुर (का.सं.)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पखावज वादक पंडित भवानी शंकर के निधन पर संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि स्व. शंकर ने अपनी कला से देश दुनिया में राजस्थान का नाम रोशन किया।

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय मीणा को दी जायेगी पुष्पाजंलि

जयपुर (का.सं.)। राजस्थान विधानसभा में सोमवार को प्रातः सवा दस बजे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्वर्गीय समर्थ लाल मीणा को उनकी जयंती पर पुष्पाजंलि अर्पित की जायेगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पुष्पाजंलि अर्पित करेंगे।

अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को केन्द्र सरकार की योजनाओं से मिल रही राहत : डॉ. प्रेमचंद बैरवा

जयपुर (का.सं.)। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा ने कहा कि केन्द्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का अंतिम पायदान पर बैठे हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाकर राहत देने में कोई कसर नहीं रखी जाएगी। डॉ. बैरवा रविवार को बूंदी बाईपास स्थित बाईपास रोड़ ट्रक यूनियन के सामने स्थित रामदेवजी मंदिर एवं छात्रावास में आयोजित 28वां बैरवा दिवस समारोह, महर्षि बालीनाथ जयंती एवं सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 36 कौम को साथ लेकर राज्य में विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। प्रदेश के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर उन्हें राहत दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत आयोजित शिविरो में आमजन को केन्द्र सरकार की योजनाओं से बडी राहत मिल रही है तथा किसानों, युवाओं और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया जाएगा। डॉ. बैरवा ने कहा कि कुरूरीतियों को मिटाते हुए समाज को आगे बढाने के लिए कार्य किया जाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा का बूंदी प्रवास के दौरान जोरदार स्वागत किया गया।

सहायक उप निरीक्षक सूरज कुमार को मिलेगा उत्कृष्ट सेवा पदक

निम्बाहेड़ा (प्रासं)। गृह मंत्रालय भारत सरकार ने जिले के निम्बाहेड़ा कोतवाली मे पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सूरज कुमार को वर्ष 2022 के उत्कृष्ट सेवा पदक से सम्मानित करने की घोषणा की गई हैं।

एएसआई सूरज कुमार जिले से सम्मानित होने वाले एक मात्र पुलिसकर्मी है। डीज़ीपी की अनुशंसा पर गृह मंत्रालय ने राजस्थान पुलिस के 136 पुलिसकर्मियों को अति उत्कृष्ट पुलिस पदक व 256 को उत्कृष्ट पुलिस पदक से सम्मानित किये जाने की घोषणा की हैं। सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों मे निम्बाहेड़ा कोतवाली मे पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सूरज कुमार भी शामिल हैं।

बंगाली बाबा गणेश मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव, उमड़े हजारों श्रद्धालु

जयपुर (का.सं.)। दिल्ली रोड स्थित बंगाली बाबा गणेष मंदिर में पौष बड़ा महोत्सव रविवार को किया गया। इस मौके परकोटे व जयपुर की कई कॉलोनियों,दिल्ली व आगरा रोड के हजारों भक्तों पौष बड़ा प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान आस-पास का क्षेत्र प्रथम पूज्य के जयकारो से गुंजायमान हो उठा।

बंगाली बाबा मंदिर प्रबंध समिति के संरक्षक मुन्ना जी अग्रवाल, अध्यक्ष नारायण लाल अग्रवाल व संयोजक व उपाध्यक्ष संजय पतंगवाला ने बताया कि इस मौके पर प्रथम पूज्य गणेष व,स्वयं आत्माराम जलेष्वर महादेव का आकर्षक श्रंगार कर पौष बड़ा प्रसादी का भोग लगाया गया। श्रंगार सभी भक्तों के बीवच आकर्षण का केन्द्र रहा।

महामंत्री गजेन्द्र लूनीवाल ने बताया कि दोपहर बाद से ही परकोटे व जयपुर की कई कॉलोनियों, दिल्ली व आगरा रोड के हजारों भक्त गण प्रथम जयकारे लगाते हुए टोलियों के रूप में प्रसादी ग्रहण करने के लिए आ रहे

थे।इस दौरान गूंज रहे प्रथम पूज्य व भोले बाबा के जयकारों से वातावरण भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आया। प्रसादी ग्रहण का सिलसिला दोपहर 3 बजे शुरू हुआ जो देर रात्रि में जाकर थमा। सर्वप्रथम विभिन्न मंदिरों के संत महंतों ने प्रसादी ग्रहण की। इसके बाद परकोटे व जयपुर की कई कॉलोनियों, दिल्ली व आगरा रोड के हजारों भक्तों ने हलवे, सब्जी, बड़े की प्रसादी ग्रहण की।

कोषाध्यक्ष विष्णु अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान हजारों भक्तों को करीब 500 के आस-पास स्वयं सेवकों ने प्रसादी परोसी। इस दौरान विभिन्न मंदिरों के संत-महंतों के अलावा राजनैतिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी पहुंचकर प्रथम पूज्य के दर्षन कर प्रसादी ग्रहण की। संयोजक व उपाध्यक्ष संजय पतंगवाला ने बताया कि प्रसादी बनने का कार्यक्रम शनिवार को शुरू हो गया था। करीब 50 भट्टियों पर 250 हलवाइयों ने यह प्रसादी बनाई। प्रसादी में 1500 किलो सूजी, 1500 चीनी, 200 पीपे तेल, 4 हजार क्विंटल आटा, 1 ट्रक केक आस-पास सब्जी का उपयोग का उपयोग किया गया।

'हेल्थ इज वेल्थ' के प्रण के साथ 2023 को कहा गुड बाय

यूथ होस्टल में एयू जयपुर मैराथन का ट्रेनिंग कैंप किक-ऑफ सेरेमनी का आयोजन

4 फरवरी को होने वाली एयू जयपुर मैराथन के लिए युवाओं को दिए रनिंग टिप्स

प्रदीप यादव 21 दिनों तक बेर्फुट रनिंग से कर रहे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की तैयारी

जयपुर (का.सं.)। गुलाबी नगरी की गुलाबी ठंड और हल्के कोहरे के बीच रनर्स ने विधानसभा रोड से स्टेच्यू सड़क पर दौड़ लगाकर अच्छे स्वास्थ्य का संदेश दिया। साथ ही साथ हेल्थ इज वेल्थ का प्रण लेकर साल 2023 को गुड बाय कहा। मौका रहा वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा आयोजित एयू जयपुर मैराथन की ओर से यूथ हॉस्टल में आयोजित ट्रेनिंग कैंप किक-ऑफ सेरेमनी का, जहां 100 से अधिक रनर्स ने ट्रेनिंग सेशन में भाग लिया और विधानसभा से लेकर स्टेच्यू सर्किल तक दौड़ भी लगायी। ट्रेनिंग सेशन में फिटनेस

ट्रेनर्स ने सभी उपस्थित जनों को वॉमअप और जॉगिंग करने की ट्रिक भी बतायी।

इस ट्रेनिंग सेशन में जयपुर के कई जाने माने रनर्स ने भाग लिया और अन्य लोगों को ट्रेनिंग सेशन भी दिए। इस दौरान मुकेश मिश्रा, सीईओ एयू जयपुर मैराथन ने बताया कि यह किक-ऑफ समारोह 4 फरवरी, 2024 को होने वाली एयू जयपुर मैराथन की ओर आपकी यात्रा की शुरुआत का प्रतीक है और हम आपके साथ जुड़ने से रोमांचित हैं। उन्होंने कहा कि हम एयू जयपुर मैराथन के लिए तैयार हो रहे हैं और इस अविश्वसनीय यात्रा में आप सभी हमारे साथ शामिल होने को तैयार रहें। उन्होंने कहा कि आप चाहे अनुभवी धावक हों या फिर अभी शुरुआत कर रहे हों, एयू जयपुर मैराथन अपनी फिटनेस में सुधार करने और अपने रनिंग के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक आदर्श मंच है।

इस मौके पर एयू जयपुर मैराथन के रेस डायरेक्टर रवि गोयनका, जयपुर रनर्स के एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट दीपक शर्मा, वाईस प्रेसिडेंट प्रवीण तिजारिया, जॉइंट सेक्रेटरी नितिन गुप्ता, ट्रेसर निपुण वाधवा, फीमेल विंग प्रेसिडेंट किरणजीत सहित सभी ज़ोनल डायरेक्टर्स उपस्थित रहे।

7 जोन में ट्रेनिंग सेंटर्स का पोस्टर विमोचन

आगामी एयू जयपुर मैराथन की तैयारियों के लिए शहर के विभिन्न इलाकों में बनाए गए ट्रेनिंग सेंटर के पोस्टर्स का भी विमोचन किया गया। इसी कड़ी में सेंट्रल पार्क, जवाहर सर्किल, वैशाली नगर, श्याम नगर, विद्याधर नगर, मानसरोवर और जलमहल सहित सात ज़ोन बनाए गए हैं जहां जयपुर रनर्स के ज़ोनल डायरेक्टर्स एयू जयपुर मैराथन में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को 6 किमी, 10 किमी 42 और 21 किमी की रनिंग के मैथर्ड के साथ रनिंग में रखने वाली अन्य सावधानियों के गुर भी सिखाएंगे। इससे पहले ट्रेनिंग सेशन में सभी ज़ोन के लीडर्स ने अन्य प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और नए साल की शुरुआत हेल्थ से शुरु करने की बात कही।

15वीं एयू जयपुर मैराथन 4 फरवरी को

गौरतलब है कि 15वीं एयू जयपुर मैराथन 4 फरवरी को होने जा रही है। मैराथन में रजिस्ट्रेशन और ट्रेनिंग सेशन में भाग लेने के लिए www.marathonjaipur.com पर विजिट कर सकते हैं।

प्रदीप कर रहे वर्ल्ड रिकॉर्ड की तैयारी

जयपुर के प्रदीप यादव 21 दिनों तक बेर्फुट रनिंग कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए प्रदीप एक जनवरी से 21 जनवरी तक सुबह 7 बजे नंगे पांव रनिंग करेंगे।

जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
JM FINANCIAL
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U67190MH2007PLC74287
पंजीकृत कार्यालय का पता: 7वीं मंजिल, सेनर्जी, अप्पासाहेब मराठे मार्ग, प्रभादेवी, मुंबई 400025
टी.: +91 22 6630 3030 एफ: +911 22 6630 3223 www.Jmfinancialarc.com

मांग सूचना

सिक्युरिटायजेशन एंड रिकंट्रक्शन ऑफ फिनाशियल असेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट कानून 2002 की धारा 13 (2) के अनुसार और इस के साथ पढ़े सिक्युरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3 (1) के अनुसार द पीसामल कैपिटल एंड हाऊसिंग फायनांस लिमिटेड (पूर्व पहचान दीवान हाऊसिंग एंड फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड) ने अपने पुल ऑफ लोन (निम्नलिखित कर्ज के साथ) और इस के साथ निम्नलिखित सिक्युरिटी इंटरेस्ट जो निर्मित किया है तथा उन पर हक आदि सिक्युरिटायजेशन एंड रिकंट्रक्शन ऑफ फिनाशियल असेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (सरफेसी एक्ट) के अनुसार तथा असाइनमेंट एग्रीमेंट दिनांकित 29 मार्च 2023 (असाइनमेंट एग्रीमेंट) जीएमएफएआरसी को असाइन किए है। (इस के बाद उन का उल्लेख असाईनी किया जाएगा) अधोहस्ताक्षरकर्ता जो असाईनी के प्राधिकृत अधिकारी सिक्युरिटायजेशन एंड रिकंट्रक्शन ऑफ फिनाशियल असेट्स और इंफोर्समेंट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट कायदा 2002 के अनुसार। इस कानून की धारा 13 (12) के अनुसार प्राप्त अधिकारों के अनुरुप और इस के साथ पढ़े सिक्युरिटी इंटरेस्ट(इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3 के अनुसार प्राप्त अधिकारों के अनुरुप प्राधिकृत अधिकारी ने कानून की धारा 13 (2) के अनुसार मांग सूचना निर्गमित (मांग सूचना) की है और निम्नलिखित कर्जदारों को सूचित किया है के वह' सम्बंधित मांग सूचना में उल्लेखित रकम का भुगतान करे। इस के बारे में इस के साथ फिर एक बार सभी कर्जदारों को सूचित किया जाता है के वह इस राशि का भुगतान जेएम को यह सूचना प्रसिद्ध होने की तिथि से 60 दिनों में करें। इस राशि में आगे का ब्याज जिस का उल्लेख मांग सूचना में भी किया गया है, और निम्नलिखित तालिका में दिया गया है, सम्मिलित है, का भुगतान निम्नलिखित तिथि से सम्पूर्ण राशि का भुगतान होने की तिथि तक करें, जो लोन एग्रीमेंट के और अन्य प्रपत्रों के अनुसार है जो कर्जदार ने निष्पादित किए है। कर्ज की सुरक्षा के लिए निम्नलिखित परिसंपत्ति जेएम के पास कर्जदार ने मोर्टगेज की है।

उधारकर्ता(ओं) / जमानतदार (ओं) का नाम	मांग सूचना की तारीख और एनपीए तारीख के साथ राशि	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)
(एलसी संख्या 15300001743 उदयपुर शाखा) रमेश जाट (कर्जदार) गीता जाट (सह कर्जदार 1)	28/11/2023/ रु 963109 (रुपये नौ लाख तिरसठ हजार एक सौ नौ मात्र) एनपीए (11/03/2023)	अरजी संख्या 478 ग्राम विष्णुपुरा, ग्राम पंचायत लाड़नी, तहसील मावली, चारभुजा मंदिर के पास, उदयपुर, उदयपुर राजस्थान 313 203
(एलसी संख्या 09000006366 भीलवाड़ा शाखा) जगदीश चंद्र तम्बोली (कर्जदार) शांता देवी (सह कर्जदार 1)	28/11/2023 / रु 455958 /- (रुपये चार लाख पचपन हजार नौ सौ अठावन मात्र) एनपीए (08/01/2023)	प्लाट संख्या ए-201, आजाद नगर, कुम्भा सर्कल के पास, भीलवाड़ा, भीलवाड़ा, राजस्थान 311 001
(एलसी संख्या 061000003378 बीकानेर शाखा) रघुवीर सुरवीजा (कर्जदार) आशा सुरवना (सह कर्जदार 1)	28/11/2023 / रु 271557 /- (रुपये दो लाख इकहत्तर हजार पांचसौ सत्तावन मात्र) एनपीए (11/05/2023)	घर संख्या 14/282, मुक्ता प्रसाद नगर, सेक्टर 14, बीकानेर बीकानेर, राजस्थान 334001
(एलसी संख्या 06100003740 बीकानेर शाखा) नानूराम कुम्हार (कर्जदार) भंवरी देवी कुम्हार (सह कर्जदार 1)	28/11/2023 / रु 408805 /- (रुपये चार लाख आठ हजार आठ सौ पांच मात्र) एनपीए (11/05/2023)	पट्टा संख्या 1385, वार्ड संख्या 05, मोहल्ला कानपुरा बस्ती नोखा, बीकानेर राजस्थान 334803

यदि उक्त उधारकर्ता उपरोक्तानुसार जेएम को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो जेएम अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई करेगा। लागत और परिणाम के संबंध में पूरी तरह से उक्त उधारकर्ताओं के जोखिम पर है। अधिनियम के तहत उक्त उधारकर्ताओं को जेएम की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा उपरोक्त संपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, अधिनियम के तहत प्रावधान के अनुसार कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

दिनांक : 01-01-2024
स्थान : राजस्थान

हस्ता/-
(प्राधिकृत अधिकारी)
जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

ICICI Home Finance
कॉरपोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर, अंधेरी - कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400059, भारत
शाखा कार्यालय: तीसरी मंजिल, कमल टावर, ओल्ड कोर्ट हॉस्पिटल के सामने, नागौर, राजस्थान-341001
शाखा कार्यालय: पहली मंजिल, सोनी टावर, रोड नंबर 2, मेव बोर्डिंग के पास, अलवर-301001

(नियम 8(6) के प्रावधान देखें)

अचल मालमत्ता के बिक्री के लिए सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पढ़ी जाती है।
इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका **भौतिक कब्जा** प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को यहां दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है', और 'जो कुछ भी हैं' पर बेचा जाएगा;

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार कानूनी उत्तराधिकारी का नाम कर्ज खाता क्रमांक	सुरक्षित परिसंपत्ति (संपत्तियों) का विवरण जिसमें ज्ञात संपत्ति हो, कोई हो।	बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय	नीलामी की तिथि एवं समय
(ए)	(बी)	(सी)	(डी)	(ई)	(एफ)	(जी)
1.	शंकर लाल (उधारकर्ता) मंजू देवी (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHYDW00001046954 और NHYDW00000842858	खसरा नंबर 3048/2 गणपति नगर प्लॉट नंबर 354/बी डीडवाना- 341303	रु. 23,63,312/- 15 दिसंबर 2023	रु. 10,39,077/- / रु. 1,03,910/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
2.	सिकंदर हुसैन (उधारकर्ता) नज़्मा बानो (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या NHMAK00000915424 एवं NHMAK00000857095	पट्टा संख्या 93 और 44, माक देशवालियोंका बासबोरावाड, नागौर, मकराना, राजस्थान	रु. 33,43,139/- 15 दिसंबर 2023	रु. 21,60,068/- / रु. 2,16,010/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
3.	हिंगलाज दान (उधारकर्ता) विमल कंवर (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHBKR00001333721	खसरा नंबर 85 मौजा अमरपुरा तहसील व जिला नागौर नागौर ना ना नागौर	रु. 12,91,242/- 15 दिसंबर 2023	रु. 7,85,942/- / रु. 78,600/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
4.	मोहम्मद शब्बीर (उधारकर्ता) फरज़ाना (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHNGR00001462996 और LHNGR00001462994	पत्रावली कमांक 107 से 2014 15 तक मोहल्ला मोहम्मदपुरा अजम डेयरी फार्म नागौर ना नागौर राजस्थान- 341001	रु. 18,14,491/- 15 दिसंबर 2023	रु. 18,52,616/- / रु. 1,85,270/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न
5.	मोहम्मद इरशाद (कर्जदार) शाहनाज़ (सह-उधारकर्ता) ऋण खाता संख्या LHAWR00001339494 और LHAWR00001339509	1432 1433 2075 1386 1387 1397 1400 1404 धिकानी अलवर ना अलवर राजस्थान- 301001	रु. 9,93,638/- 15 दिसंबर 2023	रु. 4,42,048/- / रु. 44,210/-	08 जनवरी 2024 प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक	19 जनवरी 2024 02:00 अपराह्न- 03:00 अपराह्न

ऑनलाइन निलामी हमारी निलामी एजन्सी **ग्लोब टेक (यूआरएल लिंक https://BestAuctionDeal.com)** के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। गिरवी रखने वाले/सूचना कुल धकबाकी रकम का **18 जनवरी, 2024** को **शाम 05.00** तक आगे के ब्याज के साथ प्रदान करने के लिए सूचना दी जाएगी अन्यथा, सकर प्रतिभूत मालमत्ता की अनुसूची अनुसार बिक्री की जाएगी।
प्रस्तावित बोलीदार सकर बयाना राशि जमा के साथ (रकाना क. ई) में संदर्भित) मुहरबंद लिफाफा में सुपरस्क्राईब्ड मालमत्ता के खरीद के लिए प्रस्ताव उनके प्रस्ताव **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, तीसरी मंजिल, कमल टावर, ओल्ड कोर्ट हॉस्पिटल के सामने, नागौर, राजस्थान- 341001** तहत **दि. 18 जनवरी, 2024** को **शाम 04.00** तक भेजे एवं पेश करें। कृपया प्रस्तावित बोलीदार उपरी निर्देशित समय के अनुसार उनके प्रस्ताव निधिका दस्तावेज के हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, कार्यालय क्रमांक 201, तीसरी मंजिल, कमल टावर, ओल्ड कोर्ट हॉस्पिटल के सामने, नागौर, राजस्थान- 341001** तहत **दि. 18 जनवरी, 2024** को **शाम 5.00 बजे** के पहले पेश करें। बयाना रकम जमा ड्राफ्ट (डीडी) राष्ट्रीयकृत/शेड्युल्ड बैंक से योग्य निलामी आयोजन **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लि.** - निलामी के नाम से **रामानगर, बैंग्लोर** तहत पेश करें।
जांच के संबंध में अधिक जानकारी के लिए, निलामी के नियम एवं शर्तें एवं निविदा को पेश करने के लिए कृपया **आईसीआईसीआई होम फायनान्स कंपनी लिमिटेड** के मो. क. **9920807300** पर या हमारे **सेल्स एंड मार्केटिंग पार्टनर नेक्ससेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** पर सम्पर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी के पास कोई भी कारण न देकर सर्व बोली रद्द करने का अधिकार आरक्षित हैं। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के वेबसाइट **https://www.icicihfc.com/** से स